# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 22.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- 24 फरवरी से शुरु हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर आज शाम होगी भाजपा विधायक दल की बैठक, सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति, सत्तापक्ष की बैठक कल संभव।।
- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा में बजट परिचर्चा में हुईं शामिल, केन्द्रीय बजट को बताया– सर्व समावेशी।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची में कर रहे हैं दिशा की बैठक, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा जोर, अधिकारियों को देंगे आवश्यक निर्देश।
- धनबाद में भीषण सड़क हादसे में महाकुंभ जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत, गिरिडीह में भी दो अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन की मृत्यु।
- देवघर में महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां तेज, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश।

*******************

24 फरवरी से शुरु हो रहे विधानसभा के बजट सत्र को लेकर आज शाम छह बजे से भाजपा विधायकों की एक बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को सदन के भीतर घेरने की रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया जायेगा कि सदन में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की स्थिति में जरुरत पड़ने पर पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा। उधर, सत्ता पक्ष की भी एक बैठक कल आयोजित की जायेगी। सत्तापक्ष की बैठक में विपक्ष को माकूल जवाब देने की रणनीति तैयार की जायेगी।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केन्द्रीय बजट को सर्व समावेशी बताया है। कोडरमा के झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में केन्द्रीय बजट पर आयोजित परिचर्चा में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर सभी वर्गों में उत्साह है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज रांची के श्री कृष्ण लोक संस्थान–एटीआई में दिशा की महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। श्री विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर उनका जोर है। बैठक में कई अन्य सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं।

*******************

खूंटी जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साढ़े चार लाख रुपये से ज्यादा मूल्य की अफीम भी बरामद की है। एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि अफीम की बरामदगी अड़की थाना क्षेत्र के गुदबेड़ा गांव के ग्रामप्रधान के पास से हुई है।

*******************

डुमरी विधायक जयराम महतो ने कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ कारवाई की है। श्री महतो अपने समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे और गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉल प्लाजा आईबीपी के समक्ष कई गाड़ियों के कागज चेक किये । विधायक ने दो कोयला लदे ट्रक को डुमरी थाना के हवाले कर दिया। विधायक का कहना है कि झारखंड से बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी जारी है और पुलिस प्रशासन रोक पाने में अक्षम साबित हो रही है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

धनबाद में कोलकाता–दिल्ली हाइवे पर राजगंज के दलुडीह में सिक्स लेन पर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में स्कार्पियो सवार सभी चार लोगों की मौत हो गयी। इधर स्कार्पियो के पीछे आ रही एक दूसरी कार का चालक भी असंतुलित हो गया और वाहन स्कार्पियो से जा टकराया। उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। उनको स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में मृत लोग बंगाल के हुगली जिले के कमरपुकुर गांव के रहने वाले थे। ये सभी कुंभ स्नान को प्रयागराज जा रहे थे।

*******************

गिरिडीह जिले में  दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। पहला हादसा गिरिडीह –धनबाद पथ पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड जंगल के पास हुआ, जहां एक मोटरसकिल असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों नवयुवक  छात्र बताए जाते हैं। छात्रों की पहचान प्रियांशु सिंह और मुरारी सिंह के रूप में हुई है। दूसरी दुर्घटना गिरिडीह–बेंगाबाद पथ पर सिहोडीह की है, जहां एक पत्थर लोड  मालवाहक वाहन का टायर फट गया और मोटरसकिल सवार कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह के उपर पत्थर का एक टुकड़ा जा गिरा जिससे उनकी मौत हो गई।

*******************

प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौटते वक्त जौनपुर के पास सड़क हादसे में मृत सभी सात लोगों का शव हजारीबाग लाया गया। शवों के हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के कनसार पहुंचते ही माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया। परिवार वालों को ढांढस देने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद भी गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि 20 फरवरी को एक सड़क हादसे में हजारीबाग के सात लोगों की मौत हो गयी थी।

*******************

देवघर एयरपोर्ट पर अब कम विजिबिलिटी में भी यात्री विमान लैंड कर सकेंगे।

*******************

देवघर में शिवरात्रि को लेकर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में आज जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने पुलिस अधीक्षक के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि शिव बारात महोत्सव को भव्य स्वरुप दिया जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के 14 जिलों में आज आंधी–बारिश और ओलावृष्टि का औरेंज अलर्ट जारी किया है। कहीं–कहीं वज्रपात भी हो सकता है। जिन जिलों में आज पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा उनमें रांची के अलावा कोल्हान और पश्चिम बंगाल से सटे इलाके शामिल हैं।

*******************

एफआईएच प्रो लीग हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम का आज फिर आयरलैंड से मुकाबला होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इससे पहले कल रात भारतीय टीम ने आयरलैंड को 3–1 से हरा दिया।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति के फरार कमांडर अनिल भुईयां को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को लंबे समय से अनिल भुईयां की तलाश थी।।
- लिंक रेक के विलम्ब से चलने की वजह से ट्रेन संख्या दो शून्य आठ तीन नौ रांची – नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में आज परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय शाम छह बजे के स्थान पर रात ग्यारह बजे रांची से प्रस्थान करेगी।
- खजुराहो नृत्य महोत्सव 2025 में विश्व प्रसिद्ध सरायकेला छऊ नृत्य महानायक गरुड़ की प्रस्तुति की गई। पद्मश्री ससधर आचार्य के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें एक साथ छऊ की तीन शैली सरायकेला, खरसावां एवं मानवभूम के 16 कलाकारों ने एक साथ एक मंच पर प्रस्तुति दी।

*****************